रविवार
26 अप्रैल, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर




वर्ष 2, अंक 82 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com

## 9 मई, लोक अदालत में त्वरित न्याय दिलाने को तैयारी हुई तेज़



रंजीत कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहारशरीफ जिला न्यायालय परिसर स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के विधिक सेवा सदन में 9 मई को आयोजित होने वाली वर्ष की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी को लेकर प्राधिकार अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुरविंदर सिंह मल्होत्रा ने न्यायिक पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सभी न्यायिक पदाधिकारियों को अपने-अपने न्यायालयों में लंबित सुलहनीय वादों की पहचान कर शीघ्र सूची तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संबंधित पक्षकारों को समय पर नोटिस भेजकर अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि आपसी सहमति से मामलों का त्वरित निपटारा हो सके।

उन्होंने प्री-सिटिंग स्तर पर निपटाए गए मामलों के अवार्ड की सूची शीघ्र तैयार करने तथा सभी आवश्यक फाइलों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोक अदालत का उद्देश्य गरीब, जरूरतमंद और आम लोगों को सुलभ एवं त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है। किसी भी पक्षकार को बिना समाधान के वापस नहीं लौटना चाहिए।

बैठक का संचालन राजेश कुमार गौरव ने किया। इस दौरान बताया गया कि लोक अदालत से पूर्व विभिन्न विभागों, बैंकों और संबंधित अधिकारियों के साथ लगातार समन्वय बैठकें आयोजित की जा रही हैं, ताकि अधिक से अधिक मामलों का सफल निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके।

## बंद मकान का ताला तोड़ लाखों के जेवर, नकदी और कागजात चोरी

चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। थाना क्षेत्र के चिस्तीपुर गांव में बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। घटना को लेकर पीड़ित मुलंजय लाल अभिलाषी ने चंडी थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार, पीड़ित परिवार 24 अप्रैल को किसी जरूरी काम से पटना गया हुआ था। घर पूरी तरह बंद था। शनिवार सुबह पड़ोसी किशोरी प्रसाद ने फोन कर घर का ताला टूटा होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवार गांव पहुंचा तो देखा कि मुख्य दरवाजे समेत अंदर के सभी कमरों के ताले टूटे पड़े थे और सामान बिखरा हुआ था।

पीड़ित ने बताया कि चोरों ने बक्सा तोड़कर करीब साढ़े तीन भर सोने की चेन, चार सोने की अंगूठियां, पीतल-कांसा के बर्तन, दस हजार रुपये नकद, वाहन के कागजात, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड तथा पटना एवं घर से जुड़े कई महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी कर लिए। चोरी गई संपत्ति की कीमत लगभग छह लाख रुपये बताई जा रही है।



घटना की सूचना मिलने पर पुलिस सुबह करीब नौ बजे मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटनास्थल का निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष अखिलेश झा ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

## राजगीर में प्रशिक्षु एएसआई रिश्वत लेते गिरफ्तार, पुलिस महकमे में मचा हड़कंप

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजगीर थाना में पदस्थापित प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षक देवकांत कुमार को निगरानी विभाग की टीम ने 90 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई राजगीर के गिरियक रोड चौराहे के पास रिलायंस टावर के समीप की गई। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।

निगरानी विभाग के डीएसपी राम चौधरी ने बताया कि मौसम हॉस्पिटल के संचालक डॉ. रविशंकर सिंह ने 16 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि एक केस की डायरी लिखने में मदद करने के बदले प्रशिक्षु एएसआई ने एक लाख रुपये रिश्वत की मांग की थी। बाद में मामला 90 हजार रुपये में तय हुआ।

शिकायत की सत्यता जांचने के बाद निगरानी विभाग ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया। तय योजना के अनुसार शिकायतकर्ता रिश्वत की रकम लेकर आरोपी अधिकारी के पास पहुंचे। जैसे ही देवकांत कुमार ने पैसे स्वीकार किए, पहले से मौजूद निगरानी टीम ने उन्हें तत्काल दबोच लिया। मौके से रिश्वत की पूरी राशि भी बरामद कर ली गई।

गिरफ्तारी के बाद आरोपी अधिकारी से राजगीर सर्किट हाउस में पूछताछ की जा रही है। निगरानी विभाग मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच कर रहा है। घटना के बाद लोगों में आक्रोश है, जबकि कई लोगों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग की कार्रवाई की सराहना की है।

## महाजन के दबाव से परेशान युवक ने जहर खाया, इलाज दौरान हुई मौत

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। दीपनगर थाना क्षेत्र के मघड़ासराय गांव में कर्ज के दबाव और कथित सूदखोरों की प्रताड़ना से परेशान एक युवक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान संतोष कुमार के रूप में हुई है, जो शादी समारोहों में फूल सजावट का काम करता था। घटना के बाद गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है।

मृतक के पिता उपेंद्र मालाकार ने बताया कि संतोष ने गांव के ही वीरमणि यादव, पिंटू यादव और मनोज यादव से ब्याज पर कर्ज लिया था। पिछले कई महीनों से कर्ज चुकाने को लेकर उस पर लगातार दबाव बनाया जा रहा था। परिजनों के अनुसार, कर्जदाताओं की प्रताड़ना और कथित बेइज्जती से संतोष मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगा था।बताया जाता है कि आत्मघाती कदम उठाने से पहले संतोष ने एक वीडियो बनाया, जिसमें उसने अपनी परेशानी बताते हुए कर्जदाताओं के नाम भी उजागर किए। इसके बाद उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। जहर खाने के बाद उसने खुद ही परिजनों को इसकी जानकारी दी। आनन-फानन में उसे बिहारशरीफ सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही दीपनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक का मोबाइल भी जब्त कर लिया है, ताकि वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच की जा सके।

थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ससुराल आए युवक की संदिग्ध मौत, पत्नी समेत तीन लोग हिरासत में लिए गए

थरथरी (अपना नालंदा)। थरथरी थाना क्षेत्र के अमेरा खरजमा गांव में ससुराल आए एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतक की पहचान चंडी थाना क्षेत्र के गुलड़िया बिगहा निवासी महेश पासवान के 24 वर्षीय पुत्र विश्वविजय पासवान के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक के परिवार वालों ने युवक की पत्नी पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है।


मृतक के पिता महेश पासवान ने बताया कि उनका पुत्र शुक्रवार को अपनी पत्नी के साथ ससुराल गया था। शुक्रवार और शनिवार की मध्यरात्रि करीब एक बजे ससुराल पक्ष से फोन आया कि विश्वविजय के मुंह से खून निकल रहा है और जल्द सदर अस्पताल पहुंचने को कहा गया। सूचना मिलते ही जब वे अस्पताल पहुंचे तो उनका बेटा मृत अवस्था में फर्श पर पड़ा था। उन्होंने बताया कि युवक के गले पर रस्सी जैसे निशान दिखाई दे रहे थे,



जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया है।

कुमारी शैलजा ने बताया कि युवक के गले पर चोट के निशान पाए गए हैं। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। फिलहाल युवक की पत्नी तथा उसके माता-पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED RERA APPROVED APPROVED
Project Registration Number
BRERAP19200101102525043 2E00
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
60% Free Area
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# हिलसा में युवाओं को नशामुक्ति का संदेश, डॉ. मानव ने चलाया अभियान



हिलसा (अपना नालंदा)। हिलसा सूर्य मंदिर तालाब के समीप विभिन्न शिक्षण संस्थानों में समाजसेवी सह गुटखा छोड़ो आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आशुतोष कुमार मानव द्वारा सूखा नशा के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्र-युवाओं को नशा से दूर रहने का संकल्प दिलाया गया तथा इसके दुष्परिणामों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मानव ने कहा कि आज बड़ी संख्या में युवा सूखे नशे के दलदल में फंसते जा रहे हैं। बीएस, ड्रग्स, इंजेक्शन और अन्य नशीले पदार्थों का सेवन युवाओं के जीवन को बर्बाद कर रहा है। उन्होंने कहा कि शुरुआत में बच्चे देखा-देखी नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं, लेकिन धीरे-धीरे यह उनकी आदत बन जाती है और अंततः उनकी जिंदगी तबाह हो जाती है।

उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को खोखला कर देता है। अगर समय रहते लोग जागरूक नहीं हुए तो आने वाले दिनों में युवा शक्ति गंभीर संकट में पड़ सकती है। डॉ. मानव ने अभिभावकों से भी अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखने और उन्हें सही मार्गदर्शन देने की अपील की।

इस अवसर पर शिक्षाविद् राहुल कुमार और गौरव कुमार ने भी युवाओं को नशा से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि हर युवक को अपने गांव और समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाना चाहिए, तभी स्वस्थ और मजबूत समाज का निर्माण संभव हो सकेगा।

# चोरसुआ पंचायत में शिक्षा संकल्प यात्रा ने जगाई पढ़ाई की नई अलख




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के चोरसुआ पंचायत में चल रही शिक्षा संकल्प यात्रा का पांचवां दिन उत्साह और जागरूकता से भरपूर रहा। शिक्षा संकल्प यात्री निमेष शुक्ला के नेतृत्व में टीम ने पंचायत के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर बच्चों, अभिभावकों और ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। यात्रा का उद्देश्य हर बच्चे को विद्यालय से जोड़ना और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति समाज में सकारात्मक माहौल तैयार करना रहा।

इस दौरान पंचायत सरकार भवन में ग्राम सभा आयोजित कर ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व की जानकारी दी गई। टीम ने पंचायत क्षेत्र में निर्मित आधुनिक लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध पठन-पाठन सुविधाओं का जायजा लिया। यात्रा के दौरान मेधावी छात्रों से संवाद कर उन्हें सफलता प्राप्त करने के महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए।

शिक्षा संकल्प यात्री निमेष शुक्ला ने कहा कि उनका लक्ष्य पंचायत के प्रत्येक बच्चे को स्कूल तक पहुंचाना और बेहतर शिक्षा उपलब्ध




कराना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों का उत्साह इस बात का संकेत है कि समाज अब शिक्षा को लेकर अधिक जागरूक हो रहा है।

कार्यक्रम में पंचायत को आधुनिक बनाने और बेहतर व्यवस्था स्थापित करने के लिए मुखिया चंदन कुमार को "शिक्षा सारथी सम्मान" से सम्मानित किया गया। मौके पर अशोक प्रसाद, सोनू सक्सेना, कुमार अशोक, परमेश्वर सिंह और सुनील कुमार गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित रहे।









# अंबेडकर जयंती समारोह में मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित, बढ़ाया उत्साह



हरिओम कुमार

हरनौत(अपना नालंदा)। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती समारोह के अवसर पर एससी/एसटी रेलवे इम्प्लाइज एसोसिएशन द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

समारोह में सडिम हरनौत के मुख्य कारखाना प्रबंधक श्री आर.आर. प्रताप ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे सशक्त माध्यम है और विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत कर सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान बाबा साहब के विचारों और उनके सामाजिक योगदान पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने शिक्षा, समानता और अधिकारों के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी प्रेरणास्रोत है।

इस अवसर पर ईंदल साह गौंड, रामाशीष पासवान, अवध बिहारी राम, मंटू पासवान, अरुण कुमार, गजेन्द्र पासवान, सुरज कुमार, सुरेन्द्र कुमार एवं उपेन्द्र गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित रहे। समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने भाग लिया।

# डीजे के कर्कश ध्वनि से लोगों की नींद हराम

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।स्थानीय पुलिस-प्रशासन और बिहार सरकार की सख्ती के बावजूद तेज आवाज में डीजे बजाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इन दिनों शादी-विवाह का मौसम होने के कारण हरनौत बाजार से लेकर गांव क्षेत्रों तक बिना लाइसेंस और नियमों की अनदेखी करते हुए डीजे का इस्तेमाल खुलेआम किया जा रहा है। हद तो यह है कि हरनौत मुख्य बाजार पर ही बिगहा के बिगहा तहरा नामे क देहब ,रंगदारी के कमाई, रंगदारी, जेलयात्रा,लाल घाघरा,हरी हरी ओढ़नी,ले ले आई कोका कोला,अइलू ह क के मैरेज,मकईया में राजा जी आदि लोकल गाने तेज और कर्कश ध्वनि में बजते हुए गुजरते हैं।इस कारण खासकर रात के समय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि देर रात तक बजने वाले डीजे के कारण उनकी नींद प्रभावित हो रही है।बुजुर्गों, बीमार व्यक्तियों और छोटे बच्चों को इससे सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। वहीं छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

कई लोगों ने बताया कि ध्वनि प्रदूषण के कारण मानसिक तनाव और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बढ़ रही हैं। इसके बावजूद नियमों का उल्लंघन करते हुए डीजे संचालक मनमानी पर उतारू हैं। सरकार की ओर से स्पष्ट गाइडलाइन जारी की गई है कि किसी भी परिस्थिति में तेज ध्वनि वाले डीजे का उपयोग नहीं किया जाएगा। इसके अलावा, शादी-विवाह जैसे आयोजनों में भी सीमित ध्वनि में छोटे बाजे के उपयोग की अनुमति है, लेकिन इसके लिए भी पूर्व में प्रशासन से आवेदन कर अनुमति लेना अनिवार्य है। बावजूद इसके,अधिकतर आयोजनों में बिना अनुमति के ही डीजे बजाए जा रहे हैं। इतना ही नहीं, कई लोग अपने वाहनों को मॉडिफाई कर उन्हें डीजे में तब्दील कर सड़कों पर दौड़ा रहे हैं, जो न केवल नियमों का उल्लंघन है बल्कि सड़क सुरक्षा के लिए भी खतरा बन रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि रात 10 बजे के बाद भी खुलेआम डीजे बजाया जा रहा है, जबकि ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण नियमों के अनुसार रात्रि 10 से सुबह 6 बजे तक डीजे व लाउडस्पीकर पर पूर्ण प्रतिबंध है। नियमों के तहत आवासीय क्षेत्र में दिन के समय अधिकतम 55 डेसीबल और रात के समय 45 डेसीबल, जबकि व्यावसायिक क्षेत्र में दिन में 65 डेसीबल और रात में 55 डेसीबल की सीमा तय है। इसके अलावा अस्पताल, स्कूल के आसपास के साइलेंट जोन में दिन में 50 और रात में 40 डेसीबल से अधिक शोर करना प्रतिबंधित है। बावजूद इसके आयोजनों में यह सीमा लगातार पार की जा रही है।

वहीं एसडीपीओ-2 संजय कुमार जायसवाल ने कहा कि हमारे क्षेत्र में नौ थाने है। जिसमें हरनौत,तेलमर,वेना,गोखुलपुर,रहुई,नूरसराय,भागन बिगहा,चेरो और कल्याण बिगहा शामिल हैं।कहीं तेज आवाज में डीजे बजने से लोगों को परेशानी हो रही है, तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी जा सकती है, मौके पर पहुंचकर डीजे बंद कराया जाएगा। उन्होंने कहा अभी तक इस संबंध में कोई औपचारिक आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।






# गंडक हादसे पीड़ित परिवार से मिले श्रवण कुमार, सौंपा सहायता राशि चेक



विजय प्रकाश उर्फ पिन्नू

नूरसराय (अपना नालंदा)। नूरसराय थाना क्षेत्र के बघाड़ गांव में शनिवार को बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने गंडक नदी हादसे में प्रभावित परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को पारिवारिक लाभ योजना के तहत बीस-बीस हजार रुपये का चेक प्रदान किया।

जानकारी के अनुसार, बघाड़ गांव निवासी रवि सिंह अपने पूरे परिवार के साथ छपरा जिले के सोनपुर थाना क्षेत्र स्थित केशोपुर बैजलपुर गांव में रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। 22 अप्रैल को गंडक नदी में स्नान के दौरान उनकी पत्नी गुड़िया देवी (36 वर्ष), पुत्र रिशु कुमार (14 वर्ष), पुत्री रिया देवी (16 वर्ष) तथा उनकी बहन बबीता देवी (45 वर्ष) की डूबने से मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना के बाद परिवार और गांव में शोक का माहौल है।

पूर्व मंत्री श्रवण कुमार ने पीड़ित रवि सिंह को ढांढस बंधाते हुए कहा कि यह अत्यंत दुखद घटना है और ईश्वर इस दुख की घड़ी में परिवार को शक्ति प्रदान करें। उन्होंने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी की।

इस अवसर पर बीडीओ जियाउल हक, जदयू प्रखंड अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, जदयू नेता सोनू कुमार, विक्की कुमार, उपप्रमुख चुन्नी कुमार, पप्पू सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# अमावाँ की बेटी ज्योति बनी प्रेरणा, 451 अंक पर मिला सम्मान





अस्थावां (अपना नालंदा)। पंचायती राज दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत राज अमावाँ में आयोजित सम्मान समारोह में मेधावी छात्रा ज्योति कुमारी को "आईकॉन ऑफ अमावाँ" सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान पंचायत के मुखिया प्रशान्त कुमार उर्फ राजा बाबू द्वारा प्रदान किया गया। ज्योति ने बिहार माध्यमिक वार्षिक परीक्षा 2026 में 500 में 451 अंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

ज्योति कुमारी ने बेहद सीमित संसाधनों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच यह सफलता प्राप्त की है। उनके माता-पिता दिल्ली में प्रवासी मजदूर के रूप में कार्यरत हैं, जबकि ज्योति अपने भाई-बहनों के साथ गांव में रहकर पढ़ाई करती रहीं। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उनके आत्मविश्वास और मेहनत नेउन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया, जिससे पूरे क्षेत्र में प्रेरणादायक संदेश गया है।

ज्योति +2 विद्यालय बेनार की छात्रा हैं और उन्होंने वहीं से परीक्षा दी थी। सम्मान समारोह प्राथमिक विद्यालय मानपुर में प्रशिक्षु शिक्षकों के फेयरवेल सह सम्मान कार्यक्रम के दौरान आयोजित हुआ, जहां उन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उनके पिता भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अस्थावां के प्रतिनिधि विनोद कुमार भी मौजूद थे, जिन्हें "प्रेरणा स्रोत" सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके अलावा सरिता कुमारी, कुमारी रंजन, रेणु कुमारी, रंजू कुमारी, अब्दुस सलाम, अभय कुमार, सूर्यकांत सिंह और किशोर कुणाल सहित कई शिक्षक एवं प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित रहे।|

समारोह के अंत में वक्ताओं ने ज्योति के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बनेगी।






# महोरोगौरैया चौक पर दर्दनाक हादसा, बाइक-साइकिल टक्कर में दो लोगों की मौत




मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर-हुलासगंज मुख्य सड़क मार्ग पर महोरोगौरैया हनुमान मंदिर चौक के समीप शनिवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। बाइक और साइकिल की सीधी टक्कर में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

मृतकों की पहचान इस्लामपुर थाना क्षेत्र के सुनील मुखर्जी नगर गांव निवासी संतोष पंडित के 26 वर्षीय पुत्र अमरजीत कुमार तथा जहानाबाद जिले के हुलासगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नारायणपुर गांव निवासी सत्यदेव प्रसाद के रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार अमरजीत कुमार बाइक सेकिसी काम से इस्लामपुर बाजार आ रहे थे। इसी दौरान महोरोगौरैया हनुमान मंदिर चौक के पास इस्लामपुर की ओर से साइकिल से आ रहे सत्यदेव प्रसाद से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल इस्लामपुर सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन वहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलते ही इस्लामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद दोनों परिवारों में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# चरनटई खरज्जमा में बदमाशों ने घर जलाया, पंद्रह लाख की संपत्ति राख हुई



मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। खुदागंज थाना क्षेत्र के चरनटई खरज्जमा गांव में शुक्रवार रात अज्ञात बदमाशों ने एक घर में आग लगा दी, जिससे करीब 15 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति जलकर राख हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल कायम हो गया।

पीड़ित गृहस्वामी राहुल शर्मा एवं उनके चाचा संजय कुमार ने बताया कि परिवार के सभी लोग घर में ताला लगाकर एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। देर रात ग्रामीणों ने मोबाइल फोन पर घर में आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग तुरंत गांव पहुंचे तो देखा कि घर धू-धू कर जल रहा है।घटना की जानकारी खुदागंज थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस अग्निशामक वाहन के साथ मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि आग इतनी विकराल थी कि तब तक घर में रखा पचास हजार रुपये नकद, पांच मोटरसाइकिल, सोने-चांदी के आभूषण, चार ट्रॉली बैग, ट्रंक, डाइनिंग टेबल, सोफा, कपड़े तथा अन्य घरेलू सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो चुके थे।पीड़ितों के अनुसार आगजनी में करीब 15 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। घटना को लेकर संजय कुमार ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ खुदागंज थाना में लिखित आवेदन दिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है तथा बदमाशों की पहचान में जुटी हुई है।






## संपादकीय

**जे पी चौधरी**



# नई सरकार के सामने कानून व्यवस्था और सुशासन की बड़ी चुनौती

बिहार विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जिस स्पष्टता के साथ भ्रष्टाचार, अपराध और सांप्रदायिकता के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की घोषणा की है, वह राज्य की जनता के लिए उम्मीद जगाने वाली बात है। लोकतंत्र में सरकार की असली परीक्षा केवल बहुमत साबित करने तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह देखना अधिक महत्वपूर्ण होता है कि वह जनता के भरोसे पर कितना खरा उतरती है। बिहार की जनता ने लंबे समय से बेहतर कानून व्यवस्था, पारदर्शी प्रशासन और सामाजिक सौहार्द की अपेक्षा की है। ऐसे में मुख्यमंत्री का यह बयान केवल राजनीतिक घोषणा नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी का संकेत भी है।

विश्वास मत के दौरान एनडीए को भारी समर्थन मिला और विपक्ष ने मत विभाजन की मांग नहीं की। इससे स्पष्ट है कि सरकार के पास मजबूत राजनीतिक आधार है। अब इस जनादेश को सुशासन में बदलना सबसे बड़ी चुनौती होगी। राज्य में अपराध की घटनाएं भले सीमित संख्या में सामने आ रही हों, लेकिन अपराधियों का बेखौफ अंदाज चिंता बढ़ाने वाला है। कहीं पुलिस पर हमला हो रहा है तो कहीं दिनदहाड़े हत्या, लूट और रंगदारी जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। इससे आम लोगों में असुरक्षा की भावना पैदा होना स्वाभाविक है।

बिहार ने वह दौर भी देखा है जब अपराध औरअराजकता राज्य की पहचान बन चुके थे। बाद में सख्त प्रशासनिक कार्रवाई और त्वरित न्याय व्यवस्था के कारण हालात में बड़ा सुधार हुआ। अपराधियों में कानून का भय पैदा हुआ और जनता ने राहत महसूस की। आज जरूरतउसी दृढ़ इच्छाशक्ति और प्रभावी प्रशासनिक कार्रवाई की है। केवल घोषणाओं से स्थिति नहीं बदलती, बल्कि अपराधियों के खिलाफ तेज और निष्पक्ष कार्रवाई ही व्यवस्था में जनता का विश्वास कायम करती है। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई भी सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए प्रशासनिक पारदर्शिता बेहद जरूरी है। रिश्वतखोरी और पद के दुरुपयोग जैसी प्रवृत्तियां विकास की रफ्तार को कमजोर करती हैं। निगरानी और जवाबदेही की मजबूत व्यवस्था ही इस बीमारी पर अंकुश लगा सकती है।

सांप्रदायिक सौहार्द बिहार की सामाजिक ताकत रही है। हाल के वर्षों में बड़े दंगे न होना सकारात्मक संकेत है, लेकिन सामाजिक तनाव फैलाने वाली ताकतें हमेशा सक्रिय रहती हैं। इसलिए सरकार और प्रशासन को पूरी सतर्कता के साथ काम करना होगा। समाज में भाईचारा और विश्वास बनाए रखना किसी भी लोकतांत्रिक सरकार की बड़ी जिम्मेदारी होती है।

शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करना भी सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। अवैध शराब कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जरूरी है। जब तक इस धंधे से जुड़े नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त नहीं किया जाएगा, तब तक कानून का उद्देश्य अधूरा रहेगा।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सामने अब अवसर भी है और चुनौती भी। जनता चाहती है कि सरकार अपराध, भ्रष्टाचार और अव्यवस्था पर सख्ती से नियंत्रण करे। यदि सरकार अपने संकल्प को धरातल पर उतारने में सफल होती है, तो यह बिहार में सुशासन के नए अध्याय की शुरुआत साबित हो सकती है।

# जहानाबाद में स्व-गणना अभियान तेज, अधिकारियों ने खुद भरकर लोगों को किया जागरूक




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। भारत जनगणना 2027 को लेकर जिले में स्व-गणना अभियान तेज हो गया है। इस क्रम में डॉ. प्रीति ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में स्वयं अपने आवास की स्व-गणना कर लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बिहार में भारत जनगणना 2027 के प्रथम चरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और लोगों से इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

जिलाधिकारी ने बताया कि राज्य में स्व-गणना का कार्य 17 अप्रैल 2026 से शुरू होकर 1 मई 2026 तक चलेगा। इसके बाद दूसरे चरण में प्रगणक घर-घर जाकर 2 मई से 31 मई 2026 तक मकानों का सूचीकरण करेंगे। उन्होंने बताया कि स्व-गणना प्रक्रिया में कुल 33 कॉलम भरने होते हैं, जिनमें परिवार और आवास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां शामिल रहती हैं।

प्रशासन का कहना है कि स्व-गणना अभियान से लोगों को अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करने का अवसर मिलेगा, जिससे जनगणना कार्य अधिक पारदर्शी और सुगम बनेगा।

इसी क्रम में मखदुमपुर प्रखंड के सुगांव पंचायत में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री कृष्णनंदन वर्मा ने भी स्व-गणना प्रक्रिया पूरी कर लोगों को जागरूक किया। उन्होंने नागरिकों से समय पर सही जानकारी दर्ज कराने की अपील की, ताकि जनगणना का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

# दरधा नदी सफाई अभियान शुरू, गंदगी फैलाने वालों को प्रशासन की सख्त चेतावनी



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिले की दरधा नदी को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विशेष सफाई अभियान शुरू किया गया है। जिला पदाधिकारी सह जिला गंगा समिति की अध्यक्ष के निर्देश पर प्रत्येक शनिवार को नदी किनारों की नियमित साफ-सफाई कराई जा रही है।

जिला गंगा समिति की बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद जहानाबाद को निर्देश दिया गया था कि जहां-जहां से दरधा नदी गुजरती है, वहां नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। आदेश के अनुपालन में नगर परिषद के सफाई निरीक्षक रौशन कुमार को प्रत्येक शनिवार सफाई अभियान चलाने की जिम्मेदारी दी गई है।

नगर परिषद की टीम ने शनिवार से विशेष अभियान की शुरुआत कर दी। इस दौरान नदी किनारों पर जमा कचरा हटाया गया तथा लोगोंको स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान जिला गंगा समिति के अमित कुमार भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि नारियल पानी बेचने वाले कुछ दुकानदार उपयोग के बाद बचा अपशिष्ट नदी किनारे फेंक रहे हैं, जिससे नदी प्रदूषित हो रही है। इस पर जिला परियोजना पदाधिकारी ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए भविष्य में नदी किनारे कचरा नहीं फेंकने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने कहा कि कई बार माइक और मीडिया के माध्यम से जागरूक करने के बावजूद कुछ लोग नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। प्रशासन ने साफ कहा कि स्वच्छता अभियान में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# कूर्मा संस्कृति मेडिकल कॉलेज में मुफ्त इलाज अभियान, मरीजों को बड़ी राहत मिली

अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। कूर्मा संस्कृति मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में फ्री मेडिकल सेवा माह का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी डा. प्रीति ने संस्था के चेयरमैन शंकर कुमार, एमडी ओम नारायण एवं निदेशक राहुल कुमार के साथ संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर डीएम ने आम लोगों से मुफ्त स्वास्थ्य सेवा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सबसे बड़ा माध्यम है। मुफ्त इलाज की पहल की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि सेवा और प्रोफेशन को साथ जोड़ने का यह प्रयास अन्य संस्थानों के लिए प्रेरणादायक है।

संस्था के चेयरमैन शंकर कुमार ने बताया कि अगले एक महीने तक अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों का इलाज, ऑपरेशन, जांच और दवा पूरी तरह मुफ्त रहेगा। चाहे इलाज का खर्च हजारों में हो या लाखों में, मरीजों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि संस्थान सामाजिक कल्याण की भावना के साथ कार्य करता रहेगा।

उन्होंने बताया कि अस्पताल में 250 चिकित्सकों की टीम एवं अत्याधुनिक जांच सुविधाएं उपलब्ध हैं। आपातकालीन मरीजों के लिए लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस की व्यवस्था भी की गई है, जिसे टॉल फ्री नंबर पर एक कॉल कर प्राप्त किया जा सकता है। संस्थान प्रबंधक आदित्य कुमार ने लोगों से हेल्थ कैंप और मुफ्त चिकित्सा सेवा का लाभ उठाने की अपील की।

# अम्बेडकर विद्यालय में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण, विद्यार्थियों को सुरक्षा उपायों की दी गई जानकारी



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के महानंदपुर स्थित अम्बेडकर आवासीय विद्यालय में शनिवार को आपदा प्रबंधन विषय पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का संचालन राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और विद्यालय कर्मियों को विभिन्न आपदाओं के दौरान सुरक्षित रहने तथा त्वरित राहत एवं बचाव उपायों की जानकारी देना था।

प्रशिक्षण के दौरान एसडीआरएफ टीम ने भूकंप, आगजनी, बाढ़ और अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों का व्यवहारिक प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों को सुरक्षित निकासी प्रक्रिया, प्राथमिक उपचार, आग से बचाव तथा संकट की स्थिति में समन्वय स्थापित करने के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। टीम ने बताया कि आपदा के समय घबराने के बजाय सूझबूझ और तत्परता से कार्य करना सबसे महत्वपूर्ण होता है।

विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा इसे उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने कई सवाल पूछे, जिनका एसडीआरएफ टीम ने विस्तार से उत्तर दिया।जिला आपदा प्रबंधन शाखा के प्रभारी पदाधिकारी ने बताया कि आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि किसी भी आपदा के समय जनहानि को कम किया जा सके।कार्यक्रम के अंत में "आपदा नहीं होगी भारी, यदि पूरी हो तैयारी" का संदेश देकर लोगों को सतर्क और जागरूक रहने की अपील की गई।

# महिला आरक्षण मुद्दे पर भाजपा का हमला, विपक्ष पर लगाए गंभीर राजनीतिक आरोप



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहारशरीफ सर्किट हाउस में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी नालंदा जिला अध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष अनामिका पासवान ने महिला आरक्षण को लेकर विपक्ष और महागठबंधन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण देश की आधी आबादी से जुड़ा विषय है और इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

अनामिका पासवान ने कहा कि केंद्र सरकार ने महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए विशेष सत्र बुलाकर महिला आरक्षण बिल लाया, लेकिन विपक्ष के विरोध के कारण यह बिल पास नहीं हो सका। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाना नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं इस मुद्दे पर आहत और आक्रोशित हैं तथा "जन आक्रोश मार्च" के माध्यम से अपनी आवाज बुलंद कर रही हैं।

उन्होंने महागठबंधन पर समाज को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि 2029 तक महिला आरक्षण लागू होने पर यह ऐतिहासिक कदम साबित होगा।प्रेस वार्ता में राजेश्वर प्रसाद सिंह, तेजस्विता राधा, साबो देवी, अरविंद पटेल, डा आशुतोष कुमार, अमरेश कुमार,रंजू कुमारी, मणिकांत पासवान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।









# हरनौत में बाबा बख्तौर पूजनोत्सव आज, 51 मन हुमाद से होगा हवन, भक्तों के बीच बांटा जाएगा 70 मन रसिया



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।हरेक साल की तरह इस साल भी वैशाख शुक्ल पक्ष को लेकर स्थानीय नगर पंचायत के सबनहुआडीह स्थित बाबा बख्तौर के पूजनोत्सव को लेकर बीते रात में जागरण हुआ। वहीं आज दर्जनों गांव के हजारों लोग पूजा में जुटेंगे।भक्त सुख, समृद्धि और शांति की कामना करेंगे। भगत से मन्नत मांगेंगे।बाबा बख्तौर, माता गहेल, खिरहर बसावन, नटवा प्राण सिंह, बांगुर बाबा आदि देवी-देवताओं का बुलावा हुआ है। इसमें मुनरिक भगत, अवधेश भगत,महिंद्र भगत,रामबाबू भगत, सौरभ भगत, बोधी भगत ,साको भगत और नवादा के महेंद्र भगत और बख्तियारपुर के मानर में राजेश तूफानी शामिल थे।

वहीं मुनारिक भगत ने बताया कि यह यादवों की परंपरागत पूजा है। सुबह से पूजा शुरू हो जाएगी। जो देर शाम तक चलेगी। हवन भी किया जाएगा। महिलाएं अपने आंचल पसारकर भगत से आशीर्वाद लेंगी। इनकी मनोकामना पूरी हो गई है। वे पूजा में मनौती पूरा करेंगे। उन्होंने बताया कि यह पूजा साल 1995 से हर साल बृहद पैमाने पर की जाती है। इसमें नालंदा जिले के अलावा नवादा, शेखपुरा, पटना, लक्खीसराय समेत कई जिले के लोग पहुंचते हैं। लगभग 51 मन हुमाद से हवन किया जाएगा। साथ ही पूजा में आए सभी भक्तों को प्रसाद के रूप में तकरीबन 70 मन से ऊपर रसिया बांटा जाएगा।



वहीं अशोक कुमार यादव,संजय कुमार यादव,दुललो कुमार,रविंदर,जतन,उदय, आदि ग्रामीणों ने बाबा बख्तौर के बारे में बताया किजब जब पृथ्वी पर जुल्म, अत्याचार और गरीबों को शोषण हुआ। किसी देवता और महात्मा ने जन्म लिया है। राजा दलेल सिंह और राक्षसों का अत्याचार पृथ्वी पर बढ़ा, तो माता कोयला के गर्भ से बाबा बख्तौर का जन्म हुआ था। इनके पिता पूरणमाल थे। गाय भैंस के साथ-साथ इंसान पर राजा दलेल सिंह के शेला बाघ और लुलही बाघिन जुल्म और अत्याचार करने लगा था। इसके खिलाफ उन्होंने आवाज उठाई।इन्होंने युद्ध कर 52 कोस का वनबेरिया जीता था। इसके बाद साजिश के तहत इनके मामा बदन सिंह को मिलाकर राजा दलेल ने वध कर दिया। सेला बाघ और लुलही वाघिन जंगल में बन प्राणियों पर अत्याचार करने लगा था। उस समय भी इन्होंने लड़ाई लड़ कर लोगों की रक्षा की थी।




# हरनौत में गेहूं खरीद लक्ष्य बढ़ा, किसानों को मिलेगा बड़ा आर्थिक लाभ

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत प्रखंड एवं नगर पंचायत के गेहूं उत्पादक किसानों के लिए राहतभरी खबर है। सहकारिता विभाग ने गेहूं खरीद का लक्ष्य दस गुना बढ़ा दिया है। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि पहले प्रखंड में केवल 250 क्विंटल गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित था, जिसे व्यापार मंडल ने एक सप्ताह पहले ही पूरा कर लिया था। अब लक्ष्य बढ़ाकर 2500 क्विंटल कर दिया गया है।उन्होंने कहा कि लक्ष्य बढ़ने से प्रखंड के दर्जनों किसानों को लाभ मिलेगा और अब अधिक किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अपना गेहूं बेच सकेंगे। गेहूं खरीद की प्रक्रिया एक अप्रैल से शुरू हुई है, जो 15 जून तक चलेगी। पहले कम लक्ष्य होने के कारण बहुत कम किसान ही समर्थन मूल्य पर गेहूं बेच पाए थे, जिससे किसानों में चिंता बढ़ गई थी।कृष्ण कुमार ने बताया कि किसानों की मांग पर लक्ष्य बढ़ाया गया है। इच्छुक किसान व्यापार




मंडल अध्यक्ष के माध्यम से खरीद केंद्रों पर जाकर अपना गेहूं बेच सकते हैं। सरकार की ओर से किसानों को प्रति क्विंटल 2585 रुपये की दर से भुगतान किया जाएगा। सहकारिता विभाग ने 48 घंटे के भीतर किसानों को भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया है। वहीं डॉ हिमांशु कुमार ने कहा कि सरकार को पंचायतवार फसल सर्वे कराकर उत्पादन के अनुसार कम से कम 50 प्रतिशत गेहूं की खरीद करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि केवल डिहरी पंचायत में ही लगभग 15 हजार क्विंटल गेहूं का उत्पादन हुआ है।

# गढ़ियापर गांव की जर्जर सड़क से ग्रामीण परेशान, मरम्मत की उठी मांग




नगरनौसा (अपना नालंदा)। नगरनौसा प्रखंड के कैला पंचायत अंतर्गत गढ़ियापर गांव में रामचक रोड से प्राथमिक विद्यालय गढ़ियापर होते हुए गांव तक जाने वाली ढलाई सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। सड़क खराब होने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। बरसात के दिनों में स्थिति और बदतर हो जाती है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क निर्माण और मरम्मत को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों से मांग की जा चुकी है। ग्रामीणों ने विधायक, सांसद और पंचायत प्रतिनिधियों से सड़क बनवाने का आग्रह किया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई।

सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर गांव के लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग की है, ताकि लोगों को आवागमन में राहत मिल सके।

# कैला गांव में विवाह समारोह में शामिल हुए विधायक हरिनारायण सिंह



नगरनौसा (अपना नालंदा)। नगरनौसा प्रखंड के कैला गांव निवासी नागेंद्र पासवान की पुत्री एवं चितरंजन पासवान की बहन के विवाह समारोह में हरनौत विधायक सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और सरकारी उपक्रम संबंधी समिति के सभापति हरिनारायण सिंह शामिल हुए।

इस अवसर पर उन्होंने नवविवाहित वर-वधु को शुभकामनाएं देते हुए सुखद, समृद्ध और मंगलमय दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम में जदयू के कई नेता एवं जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इनमें नालंदा जिला जदयू उपाध्यक्ष अनिल कुमार, नगरनौसा प्रखंड जदयू अध्यक्ष सतीशचंद्र प्रसाद, कैला पंचायत के मुखिया शंभु कुमार, पैक्स अध्यक्ष रंजीत कुमार तथा पंचायत समिति सदस्य दिलीप पासवान सहित कई सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता शामिल हुए।विवाह समारोह के दौरान अतिथियों ने परिवार को शुभकामनाएं दीं और नवदंपति के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पटना में जंबोटेल का नया फुलफिलमेंट सेंटर शुरू, पूर्वी भारत के किराना कारोबार को मिलेगा बल




पटना (अपना नालंदा)।देश के उभरते न्यू रिटेल प्लेटफॉर्म जंबोटेल ने पटना में अपने नए फुलफिलमेंट सेंटर 'मगध एफसी' की शुरुआत की है। यह केंद्र मुख्य रूप से पूर्वी भारत, खासकर बिहार, झारखंड और ओडिशा के किराना स्टोरों को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। कंपनी का उद्देश्य पारंपरिक खुदरा व्यापार को आधुनिक तकनीक से जोड़कर छोटे दुकानदारों को प्रतिस्पर्धी बाजार में मजबूती प्रदान करना है।

इस फुलफिलमेंट सेंटर के माध्यम से स्थानीय खुदरा विक्रेताओं को डिजिटल ऑर्डरिंग, आसान क्रेडिट सुविधा और 24 घंटे के भीतर डिलीवरी जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे छोटे दुकानदारों को न केवल अपने स्टॉक प्रबंधन में आसानी होगी, बल्कि उनके नकदी प्रवाह (कैश फ्लो) को भी बेहतर करने में मदद मिलेगी। जानकारों का मानना है कि इस तरह की सुविधाएं किराना दुकानों को बड़े रिटेल चेन के मुकाबले प्रतिस्पर्धी बनाने में सहायक साबित होंगी।

कंपनी ने हाल के वर्षों में "J24" स्टोर नेटवर्क के जरिए पारंपरिक दुकानों को ओमनीचैनल कन्वीनियंस स्टोर में बदलने की दिशा में काम किया है। वर्ष 2025 में यूनिकॉर्न का दर्जा हासिल करने के बाद जंबोटेल ने अपने विस्तार को तेज किया है और पटना में इस सेंटर की शुरुआत उसी रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है। यह पहल पूर्वी भारत में कंपनी की बढ़ती उपस्थिति और बाजार की संभावनाओं को दर्शाती है।

इस अवसर पर जंबोटेल के मुख्य परिचालन अधिकारी (COO) आशीष झीना ने कहा कि कंपनी का लक्ष्य देश के हर कोने में किराना इकोसिस्टम को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है। उनके अनुसार, पटना स्थित यह केंद्र क्षेत्र के 10,000 से अधिक रिटेलर्स को सीधे तौर पर लाभ पहुंचाएगा और उन्हें आधुनिक रिटेल प्रणाली से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कंपनी के अनुसार, जंबोटेल अपने फुल-स्टैक B2B मार्केटप्लेस, मजबूत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क और फिनटेक प्लेटफॉर्म के जरिए देशभर में 2.5 लाख से अधिक किराना दुकानों को सेवाएं प्रदान कर रही है। इस मॉडल के माध्यम से छोटे व्यापारियों को थोक खरीद, आसान वित्तीय सहायता और समय पर आपूर्ति जैसी सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर मिल रही हैं।

कार्यक्रम में कंपनी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहे, जिनमें प्रेसिडेंट अमन अग्रवाल, मुख्य व्यापारिक अधिकारी पुनीत गुप्ता, वाइस प्रेसिडेंट कमलेश कुमार, जोनल मैनेजर अश्वनी कुमार और स्टेट हेड प्रभाकर झा शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान कंपनी ने अपने भविष्य की योजनाओं और पूर्वी भारत में विस्तार की रणनीति पर भी चर्चा की।

# ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनर संघ ने सम्राट चौधरी और श्रवण कुमार को दी बधाई


संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहारशरीफ स्थित संघ कार्यालय भराव में शनिवार को ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनर संघ की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार के नव मनोनीत नेता सम्राट चौधरी को विधानसभा में बहुमत मिलने पर बधाई दी गई। साथ ही पूर्व स्वास्थ्य मंत्री शकुनी चौधरी के पुत्र सम्राट चौधरी के पहली बार संघ के अतिथि के रूप में आने की चर्चा भी की गई।

बैठक में जनजीवक संघ द्वारा आयोजित कॉन्फ्रेंस में अतिथि के रूप में शामिल हुए पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार को विधायक दल का नेता चुने जाने पर भी सदस्यों ने स्वागत और अभिनंदन किया।संघ के महासचिव डॉ विपिन कुमार सिन्हा ने कहा कि श्रवण कुमार हमेशा ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनरों का उत्साहवर्धन करते रहे हैं। उनके विधायक दल का नेता चुने जाने से कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है।

बैठक में संघ के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार, सचिव डॉ संजय कुमार, उपसचिव डॉ वीरेश कुमार, डॉ देवेंद्र कुमार, डॉ ओम प्रकाश, डॉ निरंजन कुमार, डॉ निसार अहमद, डॉ जिया उल हक, डॉ शशी भूषण प्रसाद तथा डॉ भोला प्रसाद सहित सैकड़ों ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनर उपस्थित रहे।

# पटना में हुआ नीलांशु रंजन के नए उपन्यास 'माई पापा इज ग्रेट' का विमोचन




पटना (अपना नालंदा)। राजधानी पटना स्थित जगजीवन राम शोध संस्थान में शनिवार को मशहूर शायर और लेखक नीलांशु रंजन के नए उपन्यास माई पापा इज ग्रेट का भव्य लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों और कला जगत से जुड़े कई लोगों की उपस्थिति रही।

पत्रकारिता से साहित्य की दुनिया में कदम रखने वाले नीलांशु रंजन का यह तीसरा उपन्यास है। उपन्यास में सामाजिक विसंगतियों, मध्यमवर्गीय जीवन के संघर्ष और रोमांटिक भावनाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इसकी शैली पारंपरिक किस्सागोई की याद दिलाती है, जो आधुनिक साहित्य में धीरे-धीरे कम होती जा रही है। लेखक ने मध्यमवर्ग के सुख-दुख, संघर्ष और भोगविलास को चित्रमय अंदाज में उकेरा है।

लोकार्पण समारोह में लेखक संतोष दीक्षित, चर्चित लेखिका शोभ अक्षर, फिल्मकार अनवर जमाल, बिहार लोक सेवा आयोग के पूर्व चेयरमैन इम्तियाज अहमद करीमी तथा फिल्मकार संतोष समित ने उपन्यास के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में प्रसिद्ध लेखिका भावना शेखर, वीणा अमृत और आराधना प्रसाद भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी और दूरदर्शन के उद्घोषक खालिद रसीद ने किया।

# भीषण गर्मी ने बढ़ाई ठंडे पेय पदार्थों की मांग

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।अप्रैल महीना का अंतिम सप्ताह आते हीं प्रखंड में भीषण गर्मी ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। तापमान 37 से 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने लगा है। गर्मी से बचने के लिए सिर ढकने के लिए गमछा,दुपट्टा,छाता का प्रयोग करने लगे हैं। हालत यह है कि थोड़ी दूर सफर करने के बाद ही गला सूखने लगता है। जिसे दूर करने के लिए अधिकांश लोग शीतल पेय पदार्थ की दुकानों की घऔर बढ़ जाते हैं।हरनौत बाजार के रांची रोड किनारे,गोनावां रोड , डाक-बंगला रोड, चंडी रोड़ मोड़ , कल्याण बिगहा रोड मोड़,स्टेशन रोड व बीच बाजार पर जगह-जगह दुकान व ठेला सजा है। यहां ठंडे पेय पदार्थ,

ठेले पर सतू,जुगार गाड़ी पर गन्ने का जूस तथा दुकानें में फल का जूस खूब बिक रहा है। वहीं दोपहर के एनएच 31,एनएच20, निजाय रोड, कल्याण बिगहा-तेलमर रोड आदि सड़कों पर सन्नाटा देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले मई और जून महीने में गर्मी और अधिक बढ़ने की संभावना है। पीछले कुछ दिनों से लू चलने से जनजीवन बेहाल है। भीषण गर्मी में गन्ने ,केला व मौसमी का जूस,शिकंजी,सतू सहित अन्य ठंडे पेय पदार्थों की मांग काफी बढ़ गयी है। इसी तरह बर्फ के गोले, लस्सी, आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक्स और नारियल पानी से भी लोग हलक तर कर रहे हैं। इन दिनों ठंडे पेय पदार्थों की मांग कई गुनी अधिक बढ़ गई है।खासकर ठंडे पेय पदार्थों की सबसे अधिक दुकानें सजी हैं। उधर दुकानदार पारदर्शी फ्रिज में एलईडी जलाकर ठंडे पेय को रखकर ग्राहक लुभा रहे हैं। इसमें खासकर युवा-युवतियां ज्यादा रहती है । यहां अब गांव-जवार में भी आइसक्रीम प्लांट से साइकिल रिक्शा मॉडल यानी आइस क्रीम कार्ट (कमिशन पर काम करने वाले) पर आईसक्रीम,चदस से पंद्रह प्रकार के आईटम पहुंच रही हैं। जबकि रांची रोड़ पर थाना मोड़ के पास मॉडिफाई गाड़ी के आसपास विभिन्न प्रकार के फ्लेवर से बने आईसक्रीम ,लस्सी आदि पीते हुए लोग नज़र आ रहे हैं।उधर गर्मी का प्रकोप बढ़ते ही खीरा, ककरी, नींबू और तरबूज की बिक्री भी बढ़ गयी है। हरनौत बाजार में खीरा-तारबूज कि बड़ी खेप उतर रही है। बाजार से लोग इनकी खरीदारी कर घर ले जा रहे हैं और पूरे परिवार के साथ सेवन कर रहे हैं। वैसे अभी शुरूआती दौर में खीरा ,ककरी, नींबू और तरबूज का रेट बढ़ा हुआ है। वहीं डॉक्टरों का कहना है कि इस मौसम में शरीर को ठंडा और हाइड्रेटेड रखने के लिए ऐसे पेय पदार्थों का सेवन फायदेमंद होता है। हालांकि, उन्होंने यह भी सुझाव दिया है कि साफ-सफाई और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए ताकि स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचा जा सके।

# पहड़पुरा में बंद घर का ताला तोड़ लाखों की चोरी, ग्रामीणों में दहशत

मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर थाना क्षेत्र के पहड़पुरा गांव में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति चोरी कर ली। चोरों ने घर के मुख्य गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और चार कमरों के ताले तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण, कांसा-पीतल के बर्तन तथा अन्य घरेलू सामान लेकर फरार हो गए।

पीड़ित गृहस्वामी आकाश गिरी ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ पटना में रहते हैं और फोर्ड हॉस्पिटल में कार्यरत हैं। उनकी मां चंचला देवी गांव के घर में रहती थीं, लेकिन नाना की तबीयत खराब होने के कारण दो दिन पहले घर में ताला लगाकर मसौढ़ी थाना क्षेत्र के दुधियाचक गांव स्थित मायके चली गई थीं।

शनिवार सुबह ग्रामीणों ने फोन कर सूचना दी कि घर का मुख्य गेट खुला हुआ है। सूचना मिलने के बाद जब आकाश गिरी गांव पहुंचे तो देखा कि मुख्य गेट समेत चारों कमरों के ताले टूटे हुए हैं। कमरे में रखे गोदरेज, बक्सा और सूटकेस का ताला तोड़कर उसमें रखे उनकी पत्नी और मां के सोने-चांदी के गहने, कांसा-पीतल के बर्तन और अन्य सामान चोरी कर लिए गए थे।


Kalope
HOMES
Now in
BIHAR SHARIF
PREMIUM MODULAR KITCHEN
@ ₹99,999 में.
Upgrade Your Home with Luxurious uPVC Kitchen
ZERO WOOD TECHNOLOGY
No Wood
100% Waterproof uPVC
Termite Proof
Low Maintenance
10 YEAR WARRANTY
LIMITED OFFER FOR FIRST 20 CUSTOMERS ONLY
BOOK FREE SITE VISIT »
+91 74887 06578
*T&C Apply | Limited Offer